# जल जीवन मिशन

## प्रदेश में मौजूदा वित्तीय वर्ष में 'हर घर नल कनेक्शन' की संख्या पहुंची 2 लाख के पार

## अब तक 21 लाख 61 हजार ग्रामीण परिवारों को मिली 'हर घर नल कनेक्शन' की सुविधा

## राज्य के 761 गांवों और 77 ग्राम पंचायतों में सभी परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' की सौगात

जयपुर, 28 नवम्बर। प्रदेश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत ग्रामीण परिवारों को चालू वित्तीय वर्ष में 'हर घर नल कनेक्शन' की संख्या 2 लाख के पार पहुंच गई है। रविवार सुबह तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार राज्य में जेजेएम के तहत इस साल 2 लाख एक हजार 211 ग्रामीण परिवारों को नए कनेक्शन दिए जा चुके है। इसमें रेग्यूलर विंग में एक लाख 56 हजार 57 तथा वृहद पेयजल परियोजनाओं में 45 हजार 154 'हर घर नल कनेक्शन' दिए गए हैं।

जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' देने के लिए विभागीय अधिकारियों को और कड़ी मेहनत के साथ जेजेएम के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए गए हैं।

जेजेएम के आरम्भ होने से पहले राज्य के गांव-ढ़ाणियों में 11 लाख 74 हजार 131 परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' की सुविधा प्राप्त थी। अब प्रदेश में 21 लाख 61 हजार 293 ग्रामीण परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में 77 ग्राम पंचायतों तथा 761 गांवों के सभी परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' से जोड़ दिया गया है।

**31 हजार 536 गांवों में 78 लाख से अधिक 'हर घर नल कनेक्शन' स्वीकृत**

डॉ. जोशी ने बताया कि वर्ष 2021 में फरवरी माह से अब तक औसतन हर माह राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (एसएलएसएससी) की एक बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान आयोजित 10 बैठकों के बाद वर्तमान में प्रदेश के 31 हजार 536 ग्रामीण परिवारों के लिए 120 वृहद पेयजल परियोजनाओं और 8020 मल्टी एवं सिंगल विलेज परियोजनाओं सहित कुल 8140 ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं में ग्रामीण परिवारों को 78 लाख 3 हजार 691 'हर घर नल कनेक्शन' की स्वीकृतियां उपलब्ध है।

**22 लाख 38 हजार 'हर घर नल कनेक्शन' के कार्यादेश जारी**

जलदाय मंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस साल 30 लाख ग्रामीण परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' देने के लक्ष्य की तुलना में अब तक विभाग द्वारा रेग्यूलर विंग और वृहद पेयजल परियोजनाओं में स्वीकृत ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं में 22 लाख 37 हजार 967 'हर घर नल कनेक्शन' के कार्यादेश जारी किए जा चुके है। वर्तमान में 18 लाख 52 हजार 396 'हर घर नल कनेक्शन' देने का कार्य मौके पर चल रहा है।

